CDS EXAM (II) 2022

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी. बी. सी. : FDGT-S-GKL**

क्रम संख्या 1203045

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य ज्ञान

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

**A**

*समय : दो घण्टे* | *पूर्णांक : 100*

### अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर *और कुछ न* लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए *केवल एक ही* प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर *ही* अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें ।
6. *सभी* प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**Note :** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. भारत में सबसे पहली और सबसे पुरानी सरकारी स्वामित्व वाली कोयला खनन कंपनी निम्नलिखित में से कौन-सी है ?

(a) नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन
(b) सिंगरेनी कोलियरीज़ कंपनी लिमिटेड
(c) कोल इंडिया लिमिटेड
(d) महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

2. निम्नलिखित में से मणिपुर में बराक नदी की सहायक नदी कौन-सी है ?

(a) ढलेश्वरी
(b) सुबनसिरी
(c) धनसिरी
(d) मानस

3. यदि आप बीकानेर से कोणार्क की ओर सबसे कम दूरी वाले सड़क मार्ग से यात्रा करते हैं तो आपको रास्ते में किस प्रकार की वनस्पति मिलेगी ?

(a) उष्णकटिबंधीय कंटीली, मरुस्थली, आर्द्र पर्णपाती, मैंग्रोव
(b) मरुस्थली, उष्णकटिबंधीय कंटीली, आर्द्र पर्णपाती, मैंग्रोव
(c) आर्द्र पर्णपाती, उष्णकटिबंधीय कंटीली, मैंग्रोव, मरुस्थली
(d) मरुस्थली, उष्णकटिबंधीय कंटीली, मैंग्रोव, आर्द्र पर्णपाती

4. करेवाओं के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ये अत्यंत-नूतन कल्प के सरोवरी निक्षेप हैं ।
2. ये पीर पंजाल की निचली ढलान के साथ-साथ पाए जाते हैं ।
3. केसर, बादाम और अखरोट की कृषि के लिए करेवा सुविख्यात हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

(a) 1
(b) 2
(c) 3
(d) कोई नहीं

5. भारत के एक राज्य के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अपनी शैलों और खनिजों की विविधता के लिए यह विश्वभर में विख्यात है ।
2. यहाँ क्रिसोटाइल ऐस्बेस्टॉस का देश में सबसे बड़ा निक्षेप है ।
3. इस राज्य में नीलम संजीव रेड्डी सागर हाइडल प्रोजेक्ट स्थित है ।

निम्नलिखित में से इस राज्य को पहचानिए :

(a) झारखंड
(b) राजस्थान
(c) आंध्र प्रदेश
(d) छत्तीसगढ़

6. 2020 – 21 के दौरान, जब भारत कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभावों से गुज़र रहा था, तब निम्नलिखित में से किस सेक्टर में सकारात्मक वृद्धि देखी गई ?

(a) खनन और आखनन (क्वॉरीइंग)
(b) बिजली, गैस, जल-आपूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएँ
(c) वित्तीय, स्थावर संपदा और व्यावसायिक सेवाएँ
(d) लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएँ

7. किसी सूक्ष्म-वित्त कंपनी से उधार लेने वाले किसी उधारकर्ता के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) उधारकर्ता की वार्षिक आय एक सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए ।
(b) उधारकर्ता को एक सीमा से अधिक ऋण राशि नहीं माँगनी चाहिए ।
(c) उधारकर्ता को संपार्श्विक जमानत प्रस्तुत करने से मना नहीं करना चाहिए ।
(d) उधारकर्ता को किसी भी प्रस्तावित ब्याज दर का भुगतान करने से मना नहीं करना चाहिए ।

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

1. Which one of the following is the first and the oldest Government-owned coal mining company in India ?

(a) Neyveli Lignite Corporation

(b) Singareni Collieries Company Limited

(c) Coal India Limited

(d) Mahanadi Coalfields Limited

2. Which one of the following is a tributary of Barak River in Manipur ?

(a) Dhaleswari

(b) Subansiri

(c) Dhansiri

(d) Manas

3. Which types of vegetation will you find on the way as you travel from Bikaner to Konark by road by shortest distance ?

(a) Tropical thorny, Desert, Moist deciduous, Mangrove

(b) Desert, Tropical thorny, Moist deciduous, Mangrove

(c) Moist deciduous, Tropical thorny, Mangrove, Desert

(d) Desert, Tropical thorny, Mangrove, Moist deciduous

4. Consider the following statements about Karewas :

1. These are the lacustrine deposits of Pleistocene period.

2. These are found along the lower slopes of Pir Panjal.

3. Karewas are well known for the cultivation of saffron, almond and walnut.

How many of the above statements is/are correct ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) None

5. Consider the following statements about an Indian State :

1. It is well known globally for its variety of rocks and minerals.

2. It has the largest deposits of Chrysotile Asbestos in the country.

3. The Neelam Sanjiva Reddy Sagar Hydel Project is located in this State.

Identify the State from the following :

(a) Jharkhand

(b) Rajasthan

(c) Andhra Pradesh

(d) Chhattisgarh

6. During 2020 – 21, when India was passing through the adverse effects of COVID-19, which one of the following sectors witnessed positive growth ?

(a) Mining and quarrying

(b) Electricity, gas, water supply and other utility services

(c) Financial, real estate and professional services

(d) Public administration, defence and other services

7. Which one of the following statements about a borrower from a Microfinance Company is ***not*** correct ?

(a) The borrower should not have annual income beyond a limit.

(b) The borrower should not seek loan amount beyond a limit.

(c) The borrower should not refuse to offer a collateral.

(d) The borrower should not refuse to pay any rate of interest offered.

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality since 2001

8. ग़ैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) NBFCs माँग जमा स्वीकार नहीं कर सकती हैं ।

(b) NBFCs ऋण नहीं दे सकती हैं ।

(c) NBFCs अपने नाम पर आहरित चेक जारी नहीं कर सकती हैं ।

(d) NBFCs निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की निक्षेप बीमा सुविधा प्रस्तावित नहीं कर सकती हैं ।

9. उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) ने औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में लगभग 40·27 प्रतिशत संयुक्त भार वाले आठ प्रमुख (कोर) उद्योगों के आधार वर्ष सूचकांक में संशोधन किया है । आठ प्रमुख उद्योगों में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल ***नहीं*** है ?

(a) कोयला

(b) रिफाइनरी उत्पाद

(c) रबड़ उत्पाद

(d) सीमेंट

10. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. MSMEs में भारतीय अर्थव्यवस्था का एक गतिशील सेक्टर शामिल है, जो रोजगार के व्यापक अवसर प्रदान करता है ।
2. MSMEs में अल्प पूँजी लागत की आवश्यकता होती है और ये पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगिकीकरण में सहायता करते हैं ।
3. MSMEs का सामाजिक-आर्थिक विकास में बहुत बड़ा योगदान है ।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

(a) कोई नहीं

(b) 1

(c) 2

(d) 3

11. बिच्छू-बूटी की पत्तियों के दंशन रोम, मानव शरीर में तरल अंत:क्षेपित (इंजेक्ट) करते हैं, जिससे जलन-पीड़ा होती है । यह तरल क्या है ?

(a) मैथेनॉइक अम्ल

(b) टार्टरिक अम्ल

(c) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

(d) सल्फ्यूरिक अम्ल

12. जब लोग खाद्य के अपाचन से पीड़ित होते हैं तो मिल्क ऑफ मैग्नीशिया का प्रयोग किया जाता है । यह क्या है ?

(a) प्रबल क्षारक

(b) मृदु क्षारक

(c) प्रबल अम्ल

(d) मृदु अम्ल

13. निम्नलिखित में से कौन-सा धातु-युग्म ऊष्मा का बहुत अच्छा चालक है ?

(a) रजत और ताम्र

(b) रजत और सीसा

(c) ताम्र और पारा

(d) सीसा और पारा

14. विद्यालय की घंटियाँ धातु से निर्मित होती हैं, क्योंकि धातु होती हैं

(a) आघातवर्ध्य

(b) ध्वानिक

(c) तन्य

(d) द्युतिमय

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality since 2001

8. Which one of the following statements about Non-Banking Financial Companies (NBFCs) is ***not*** correct ?

(a) NBFCs cannot accept demand deposits.

(b) NBFCs cannot give loans.

(c) NBFCs cannot issue cheques drawn on themselves.

(d) NBFCs cannot offer deposit insurance facility of Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation.

9. The Department for Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT) has revised the base year index of Eight Core Industries having a combined weight of about 40·27 percent in the Index of Industrial Production. Which one of the following is ***not*** one of the Eight Core Industries ?

(a) Coal

(b) Refinery products

(c) Rubber products

(d) Cement

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

10. Consider the following statements about the Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) :

1. The MSMEs comprise a dynamic sector of the Indian economy providing large employment opportunities.
2. MSMEs require low capital cost and help industrialization of backward regions.
3. MSMEs contribute enormously to socio-economic development.

How many of the above statements is/are correct ?

(a) None

(b) 1

(c) 2

(d) 3

11. Stinging hair of nettle leaves inject fluid in the human body causing burning pain. The fluid is

(a) Methanoic acid

(b) Tartaric acid

(c) Hydrochloric acid

(d) Sulphuric acid

12. Milk of Magnesia is used when people suffer from indigestion of food. It is a

(a) Strong base

(b) Mild base

(c) Strong acid

(d) Mild acid

13. Which one of the following pairs of metals are very good conductors of heat ?

(a) Silver and Copper

(b) Silver and Lead

(c) Copper and Mercury

(d) Lead and Mercury

14. School bells are made of metals because metals are

(a) Malleable

(b) Sonorous

(c) Ductile

(d) Lustrous

15. टिंक्चर ऑफ आयोडीन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह पूतिरोधी (ऐंटिसेप्टिक) विलयन है ।
2. आयोडीन को ऐल्कोहॉल-जल मिश्रण में रखा जाता है ।
3. आयोडीन की सांद्रता अत्यंत निम्न होती है ।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

(a) 1
(b) 2
(c) 3
(d) कोई नहीं

16. $Cl^-$ किसका समइलेक्ट्रॉनी ***नहीं*** है ?

(a) $K^+$
(b) $Mg^{2+}$
(c) $S^{2-}$
(d) $P^{3-}$

17. वनस्पति कोशिकाओं में

(a) केंद्रक को झिल्ली की आवश्यकता नहीं होती है लेकिन हरितलवक (क्लोरोप्लास्ट) चारों ओर से उनकी अपनी झिल्ली से घिरे होते हैं ।
(b) केंद्रक और हरितलवक पृथक् रूप से अपनी-अपनी झिल्ली से घिरे होते हैं ।
(c) केंद्रक चारों ओर से झिल्ली से घिरा होता है लेकिन हरितलवक को झिल्ली की आवश्यकता नहीं होती है ।
(d) केंद्रक और हरितलवक — दोनों किसी झिल्ली से घिरे नहीं होते हैं ।

18. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन स्टार्च और ग्लाइकोजन के बारे में सही है ?

(a) स्टार्च और ग्लाइकोजन — दोनों वनस्पति कोशिकाओं में पाए जाते हैं ।
(b) स्टार्च और ग्लाइकोजन — दोनों प्राणि कोशिकाओं में पाए जाते हैं ।
(c) स्टार्च वनस्पति कोशिकाओं में विद्यमान होता है और ग्लाइकोजन प्राणि कोशिकाओं में विद्यमान होता है ।
(d) स्टार्च और ग्लाइकोजन — दोनों वनस्पति कोशिकाओं के साथ-साथ प्राणि कोशिकाओं में भी विद्यमान होते हैं ।

19. प्रकाश-संश्लेषण की प्रक्रिया के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) प्रकाश ऊर्जा सीधे गतिज ऊर्जा में रूपांतरित होती है, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड का ऑक्सीकरण होता है ।
(b) प्रकाश ऊर्जा सीधे रासायनिक ऊर्जा में रूपांतरित होती है, जिससे जल का अपचयन होता है ।
(c) पर्णहरित (क्लोरोफिल), प्रकाश की रासायनिक ऊर्जा को अवशोषित करता है, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड का ऑक्सीकरण होता है ।
(d) पर्णहरित, प्रकाश ऊर्जा को अवशोषित करता है, जिससे जल अणुओं का विभाजन होता है एवं कार्बन डाइऑक्साइड का अपचयन कारित होता है ।

20. पारिर्गभिक (क्वाशिओरकोर) कुपोषण का एक प्रकार है जो किसकी कमी के कारण होता है ?

(a) खनिज
(b) विटामिन
(c) वसा
(d) प्रोटीन

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

15. Consider the following statements about Tincture of Iodine :

1. It is an antiseptic solution.

2. Iodine is kept in alcohol-water mixture.

3. Concentration of iodine is very low.

How many of the above statements is/are correct ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) None

16. $Cl^-$ is ***not*** isoelectronic with

(a) $K^+$

(b) $Mg^{2+}$

(c) $S^{2-}$

(d) $P^{3-}$

17. In plant cells

(a) Nucleus does not need a membrane but chloroplasts are surrounded by their own membrane.

(b) Nucleus and chloroplasts are surrounded separately by their own membrane.

(c) Nucleus is surrounded by membrane but chloroplasts do not need membrane.

(d) Both nucleus and chloroplasts are not surrounded by any membrane.

18. Which one of the following statements about starch and glycogen is correct ?

(a) Both starch and glycogen are found in plant cells.

(b) Both starch and glycogen are found in animal cells.

(c) Starch is present in plant cells and glycogen is present in animal cells.

(d) Both starch and glycogen are present in plant cells as well as animal cells.

19. Which one of the following statements about the process of photosynthesis is correct ?

(a) Light energy is directly converted to kinetic energy which oxidizes carbon dioxide.

(b) Light energy is directly converted to chemical energy which causes reduction of water.

(c) Chlorophyll absorbs the chemical energy of light which causes oxidation of carbon dioxide.

(d) Chlorophyll absorbs light energy which causes splitting of water molecules and reduction of carbon dioxide.

20. Kwashiorkor, a form of malnutrition, is caused by the deficiency of

(a) Minerals

(b) Vitamins

(c) Fats

(d) Proteins

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality since 2001

21. निम्नलिखित में से कौन-सा एन्ज़ाइम युग्म, अम्लीय pH पर क्रिया ***नहीं*** करता है ?

(a) ट्रिप्सिन और पेप्सिन

(b) काइमोट्रिप्सिन और पेप्सिन

(c) ट्रिप्सिन और ऐमिलेस

(d) पेप्सिन और ऐमिलेस

22. किसके उपापचय से यूरिया उत्पन्न होता है ?

(a) प्रोटीन

(b) कार्बोहाइड्रेट

(c) लिपिड

(d) प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट दोनों

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

23. लोहे की न्यूनता से कौन-सा रोग होता है ?

(a) अरक्तता

(b) स्कर्वी

(c) रिकेट्स

(d) हैजा

24. यदि 10 kg द्रव्यमान वाली कोई वस्तु 10 m/s की एकसमान चाल से गतिमान है, तो उस वस्तु के रैखिक संवेग और गतिज ऊर्जा क्रमशः क्या होंगे ?

(a) 100 N.s और 500 J

(b) 100 N.s और 1000 J

(c) 200 N.s और 500 J

(d) 200 N.s और 1000 J

25. प्रतिरोध और धारिता के संयोजन वाला एक वैद्युत परिपथ नीचे दिया गया है । परिपथ में से प्रवाहित होने वाली धारा कितनी होगी ?




(a) 1 A

(b) 2 A

(c) 1·5 A

(d) 0·5 A

26. किसी ध्वनि तरंग का तारत्व निम्नलिखित में से किस विशिष्टता पर निर्भर करता है ?

(a) चाल

(b) प्रबलता

(c) आयाम

(d) आवृत्ति

27. किसी परिपथ में विद्युत धारा मापने के लिए प्रयुक्त यंत्र (device) को क्या कहते हैं ?

(a) ऐमीटर

(b) मोटर

(c) वोल्टमापी

(d) जनित्र

28. $l$ लंबाई और $d$ व्यास वाली धातु की तार का प्रतिरोध $R$ है । उसी धातु और उसी लंबाई वाली अन्य तार का प्रतिरोध क्या होगा, जिसका व्यास दोगुना है ?

(a) $R$

(b) $R/4$

(c) $R/2$

(d) $2R$

**21.** Which one of the following pairs of enzymes do ***not*** work at acidic pH ?

(a) Trypsin and Pepsin

(b) Chymotrypsin and Pepsin

(c) Trypsin and Amylase

(d) Pepsin and Amylase

**22.** Urea is produced by metabolism of

(a) Proteins

(b) Carbohydrates

(c) Lipids

(d) Both Proteins and Carbohydrates

**23.** Deficiency of iron causes

(a) Anaemia

(b) Scurvy

(c) Rickets

(d) Cholera

**24.** If an object of mass 10 kg is moving with a uniform speed of 10 m/s, then the linear momentum and the kinetic energy of the object, respectively, are

(a) 100 N.s and 500 J

(b) 100 N.s and 1000 J

(c) 200 N.s and 500 J

(d) 200 N.s and 1000 J

**25.** An electrical circuit having combinations of resistances and capacitance is given below. The current, flowing through the circuit will be




(a) 1 A

(b) 2 A

(c) 1·5 A

(d) 0·5 A

**26.** The pitch of a sound wave depends upon which one of its following characteristics ?

(a) Speed

(b) Loudness

(c) Amplitude

(d) Frequency

**27.** The device used for measuring electric current in a circuit is called

(a) Ammeter

(b) Motor

(c) Voltmeter

(d) Generator

**28.** A metal wire of length $l$ and diameter $d$ has a resistance $R$. What would be the resistance of another wire of the same metal and of same length but having double the diameter ?

(a) $R$

(b) $R/4$

(c) $R/2$

(d) $2R$

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

29. भारत में, दूरसंचार से संबंधित सभी मामलों में भारत सरकार की नीति के कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तरदायी है ?

(a) डिजिटल संचार आयोग

(b) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

(c) दूरसंचार सलाहकार समिति

(d) टेलीकम्युनिकेशन्स कंसलटेंट्स इंडिया लिमिटेड

30. जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (JWST) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह अंतरिक्ष में भेजी गई (लाँच की गई) अब तक की सबसे बड़ी वेधशाला है ।
2. इसे नासा (NASA) द्वारा यूरोपीयन स्पेस एजेंसी और कैनेडियन स्पेस एजेंसी के सहयोग से विकसित किया गया है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

31. भारत ने 10 प्रतिशत एथेनॉल सम्मिश्रण लक्ष्यित तिथि से बहुत पहले ही प्राप्त कर लिया है । इससे निम्नलिखित में से किसे सबसे अधिक लाभ होगा ?

(a) कसावा बागान (प्लांटेशन)

(b) मक्का की खेती

(c) चीनी उद्योग

(d) शराब उद्योग

32. e-RUPI प्री-पेड डिजिटल वाउचरों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. e-RUPI की अधिकतम राशि एक लाख रुपए है ।
2. बैंक खाता नहीं होने पर भी लाभार्थी e-RUPI प्राप्त कर सकते हैं ।
3. मोबाइल फोन पर e-RUPI प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों के पास इंटरनेट कनेक्शन सहित स्मार्ट फोन होना आवश्यक है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) 1 और 2

(b) केवल 3

(c) 1 और 3

(d) केवल 2

33. हाल ही में भारत का प्रथम ग्रीन हाइड्रोजन-आधारित उन्नत ईंधन सेल विद्युत वाहन (FCEV) लाँच किया गया । इसमें किसके उत्सर्जन के सिवाय कोई पुच्छ-नलिका (टेलपाइप) उत्सर्जन नहीं होता है ?

(a) हाइड्रोजन पेरॉक्साइड

(b) नाइट्रोजन

(c) ऑक्सीजन

(d) जल

34. निम्नलिखित में से किस भाषा को 1967 में संविधान संशोधन के द्वारा आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था ?

(a) खासी

(b) कश्मीरी

(c) सिंधी

(d) उर्दू

35. प्रारंभिक मध्यकालीन भारत में *मणिग्रामम* और *नानदेसी* क्या थे ?

(a) राजस्व का भुगतान नहीं करने वाले ग्रामों का समूह

(b) ग्राम-स्तरीय सामुदायिक समूह

(c) भारतीय व्यापारियों के संघ (गिल्ड)

(d) राजधानी शहरों में साहित्यिक समाज

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

**29.** In India, which one of the following is responsible for the implementation of the Government of India's policy in all matters concerning telecommunications ?

(a) Digital Communications Commission

(b) Telecom Regulatory Authority of India

(c) Telecom Advisory Committee

(d) Telecommunications Consultants India Limited

**30.** Consider the following statements about James Webb Space Telescope (JWST) :

1. It is the largest observatory ever launched into space.

2. It has been developed by NASA in partnership with the European Space Agency and the Canadian Space Agency.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**31.** India has achieved the 10 percent Ethanol blending much ahead of the targeted date. Which one among the following greatly benefits from this ?

(a) Cassava plantations

(b) Maize farming

(c) Sugar industry

(d) Wine industry

**32.** Consider the following statements regarding e-RUPI prepaid digital vouchers :

1. The maximum amount of e-RUPI is rupees one lakh.

2. Beneficiaries can receive e-RUPI without having a bank account.

3. To receive e-RUPI on mobile phones, beneficiaries need a smart phone with Internet connection.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2

(b) 3 only

(c) 1 and 3

(d) 2 only

**33.** Recently, India's first green hydrogen-based advanced fuel cell electric vehicle (FCEV) was launched. It has no tailpipe emissions other than

(a) Hydrogen peroxide

(b) Nitrogen

(c) Oxygen

(d) Water

**34.** Which one of the following languages was added to the Eighth Schedule by a Constitutional Amendment in 1967 ?

(a) Khasi

(b) Kashmiri

(c) Sindhi

(d) Urdu

**35.** What were *Manigramam* and *Nanadesi* in early medieval India ?

(a) Cluster of non-revenue paying villages

(b) Village-level community groups

(c) Guilds of Indian merchants

(d) Literary societies in the capital towns

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality since 2001

**36.** किस युद्ध में त्रावणकोर राज्य के मार्थंड वर्मा से डच पराजित हुए थे ?

(a) वांडीवाश

(b) राक्षसी – तांगड़ी

(c) पुल्ललुर

(d) कोलाचेल

**37.** कुमारिल भट्ट और प्रभाकर निम्नलिखित में से किस दर्शन संप्रदाय के हैं ?

(a) *लोकायत*

(b) *माध्यमिक*

(c) *पूर्व-मीमांसा*

(d) *उत्तर-मीमांसा*

**38.** *तोल्काप्पियम* क्या है ?

(a) व्याकरण ग्रंथ

(b) राजेंद्र चोल की प्रशंसा में तमिल कविता

(c) तमिल में प्राचीन उपदेशात्मक कृति

(d) चेर राजा द्वारा रचित नाटक

**39.** निम्नलिखित में से किस नदी के तट पर प्राचीन माहिष्मती स्थित था ?

(a) सरयू

(b) सोन

(c) नर्मदा

(d) गोदावरी

**40.** संसदीय लोक लेखा समिति (PAC) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) यह भारत सरकार के वित्त लेखों की जाँच करती है ।

(b) लोक सभा द्वारा अपने सदस्यों में से समिति के 15 सदस्यों को निर्वाचित किया जाता है ।

(c) समिति के सभापति को इसके सदस्यों द्वारा निर्वाचित किया जाता है ।

(d) यदि सरकार द्वारा गठित किसी अन्य समिति के किसी सदस्य को PAC के लिए निर्वाचित किया जाता है, तो लोक सभा अध्यक्ष यह निर्णय करता है कि क्या वह पूर्व समिति का सदस्य बने रहेगा या नहीं ।

**41.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. एम.ए. अयंगार
2. जी.एस. ढिल्लों
3. बलराम जाखड़
4. पी.ए. संगमा

इनमें से कितने लोक सभा अध्यक्ष थे ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

**42.** भारत के संविधान की अनुसूची और विषय-सूची के निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पहली अनुसूची | : | शपथ या प्रतिज्ञान के प्ररूप |
| 2. | तीसरी अनुसूची | : | राज्य सभा में स्थानों का आबंटन |
| 3. | पाँचवीं अनुसूची | : | अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन के बारे में उपबंध |
| 4. | नवीं अनुसूची | : | कुछ राज्यों में जनजाति क्षेत्रों के प्रशासन के बारे में उपबंध |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

36. The Dutch were defeated by Marthanda Varma of Travancore Kingdom in the battle of

(a) Wandiwash

(b) Rakshasi – Tangadi

(c) Pullalur

(d) Colachel

37. To which one of the following schools of philosophy did Kumarila Bhatta and Prabhakara belong ?

(a) *Lokayata*

(b) *Madhyamika*

(c) *Purva-Mimamsa*

(d) *Uttara-Mimamsa*

38. The *Tolkappiyam* is

(a) A work of grammar.

(b) A Tamil poem in praise of Rajendra Chola.

(c) An ancient didactic work in Tamil.

(d) A drama composed by a Chera King.

39. On the banks of which one of the following rivers was the ancient Mahishmati located ?

(a) Sarayu

(b) Son

(c) Narmada

(d) Godavari

40. Which one of the following statements about the Public Accounts Committee (PAC) of the Parliament is ***not*** correct ?

(a) It examines the Finance Accounts of the Government of India.

(b) Fifteen members of the Committee are elected by the Lok Sabha from amongst its members.

(c) The Chairperson of the Committee is elected by its members.

(d) In case a member of any other Committee constituted by the Government is elected to the PAC, the Speaker of the Lok Sabha decides whether he should continue to be a member of the former Committee.

41. Consider the following :

1. M.A. Ayyangar
2. G.S. Dhillon
3. Balram Jakhar
4. P.A. Sangma

How many of them were the Speaker of the Lok Sabha ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

42. Consider the following pairs of Schedule and Content of the Constitution of India :

| | | |
|---|---|---|
| 1. First Schedule | : | Forms of Oaths or Affirmations |
| 2. Third Schedule | : | Allocation of seats in the Council of States |
| 3. Fifth Schedule | : | Provisions related to the administration of Scheduled Areas and Scheduled Tribes |
| 4. Ninth Schedule | : | Provisions related to the administration of tribal areas in certain States |

How many of the above pairs is/are correctly matched ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

43. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) भारत के संविधान के अनुच्छेद 21क के अधीन, राज्य ग्यारह वर्ष तक की आयु वाले सभी बालकों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का उपबंध करेगा ।

(b) भारत के संविधान के अनुच्छेद 26 के अधीन प्रत्येक धार्मिक संप्रदाय को अपने धर्म विषयक कार्यों का प्रबंध करने की पूर्ण शक्ति है ।

(c) भारत के संविधान के अनुच्छेद 30 में अपनी रुचि की शिक्षा संस्थाओं की स्थापना करने के संदर्भ में केवल धर्म और भाषा पर आधारित अल्पसंख्यक वर्गों का उल्लेख किया गया है ।

(d) संसद, विधि द्वारा भी भारत के उच्चतम न्यायालय से भिन्न अन्य किसी न्यायालय को अपनी अधिकारिता की स्थानीय सीमा के भीतर रिट जारी करने की शक्ति प्रदान नहीं कर सकती ।

44. निम्नलिखित में से कौन-सा महासागर धाराओं को प्रभावित ***नहीं*** करता है ?

(a) सौर ऊर्जा द्वारा तापन

(b) पवन

(c) सूर्य-चंद्रमा द्वारा गुरुत्वीय कर्षण

(d) कॉरिऑलिस बल

45. निम्नलिखित में से कौन-सा अवसादी शैल यांत्रिक रूप से निर्मित ***नहीं*** होता है ?

(a) बलुआ पत्थर

(b) संगुटिकाश्म (कंग्लोमेरेट)

(c) लोएस

(d) गीज़राइट

46. ताप-व्युत्क्रमण के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. ऊँचाई (तुंगता) में वृद्धि के साथ तापमान में वृद्धि होती है ।

2. निर्मल आकाश वाली दीर्घ-शीतकालीन रात्रि आदर्श स्थिति है ।

3. यह लघु अवधि परिघटना है और यह ध्रुवों को छोड़ कर समस्त पृथ्वी पर सामान्य है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1

(d) 1, 2 और 3

47. निम्नलिखित में से किस राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र में सोंगो झील स्थित है ?

(a) लद्दाख

(b) हिमाचल प्रदेश

(c) सिक्किम

(d) उत्तराखंड

48. भारत के तटों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. भारत का पश्चिमी तट एक उच्च शैलीय, निवर्तनी (रिट्रीटिंग) तट है ।

2. भारत के पश्चिमी तट पर अपरदन भूमिरूपों की अधिकता है ।

3. तथापि, भारत का पूर्वी तट न्यून अवसादी तट है जहाँ निक्षेपण-रूप दिखाई देते हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1

(d) 1, 2 और 3

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

43. Which one of the following statements is correct ?

(a) Under Article 21A of the Constitution of India, the State shall provide free and compulsory education to all children up to the age of eleven years.

(b) Every religious denomination has got absolute power under Article 26 of the Constitution of India to manage its own affairs in matters of religion.

(c) Only religious and linguistic minorities find mention in Article 30 of the Constitution of India in reference to the right to establish educational institutions of their choice.

(d) Parliament cannot empower, even by law, any court other than the Supreme Court of India the power to issue writs within local limits of its jurisdiction.

44. Which one of the following do ***not*** influence the ocean currents ?

(a) Heating by solar energy

(b) Wind

(c) Gravitational pull by Sun and Moon

(d) Coriolis force

45. Which one of the following sedimentary rocks has ***not*** been formed mechanically ?

(a) Sandstone

(b) Conglomerate

(c) Loess

(d) Geyserites

46. Which of the following statements about inversion of temperature is/are correct ?

1. Temperature increases with increasing altitude.

2. A long winter night with clear skies is an ideal situation.

3. It is a short term phenomenon and is common all over the globe except at the poles.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 only

(d) 1, 2 and 3

47. In which one of the following States/UT, is the Lake Tsomgo located ?

(a) Ladakh

(b) Himachal Pradesh

(c) Sikkim

(d) Uttarakhand

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

48. Which of the following statements about the coasts of India is/are correct ?

1. The West Coast of India is a high rocky, retreating coast.

2. The West Coast of India is dominated by erosional landforms.

3. The East Coast of India, however, is a low sedimentary coast exhibiting depositional forms.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 only

(d) 1, 2 and 3

49. भारत में प्रवाल भित्ति (कोरल रीफ) के अंतर्गत सर्वाधिक क्षेत्र निम्नलिखित में से किस राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र में है ?

(a) गुजरात

(b) तमिलनाडु

(c) अंदमान और निकोबार द्वीपसमूह

(d) लक्षद्वीप

50. निम्नलिखित में से किसे, भारत में वाणिज्यिक बैंकों के एजेंसी कार्य के रूप में माना जाता है ?

(a) जमा की स्वीकृति

(b) अधिशेष निधि का निवेश

(c) आयकर भुगतान की स्वीकृति

(d) ओवरड्राफ्ट सुविधाएँ प्रदान करना

51. भारतीय मौद्रिक प्रणाली में मुद्रा आपूर्ति के निम्नलिखित में से किस रूप को सबसे व्यापक रूप से प्रयुक्त माना गया है ?

(a) M1

(b) M2

(c) M3

(d) M4

52. भारत में निम्नलिखित में से पहला राज्य कौन-सा है, जिसमें 100 प्रतिशत घरों में नल-जल कनेक्शन है ?

(a) गुजरात

(b) गोवा

(c) दिल्ली

(d) आंध्र प्रदेश

53. भारत सरकार द्वारा अधिसूचित निम्नलिखित श्रम संहिताओं में से किसमें केंद्रीय श्रम अधिनियमों, यथा, कारखाना अधिनियम, 1948 और बागान श्रम अधिनियम, 1951 के विविध उपबंधों को शामिल किया गया है ?

(a) व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य-स्थिति संहिता, 2020

(b) औद्योगिक संबंध संहिता, 2020

(c) मज़दूरी संहिता, 2019

(d) सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020

54. यदि आप भारत के सभी राज्यों के सभी ग्रामीण-शहरी वर्गों और पुरुष-महिला श्रेणियों के लिए जन्म के समय आयु संभाविता दर्शाने वाली हाल की अवधि की तालिका देखें, तो आपको क्या देखने को ***नहीं*** मिलेगा ?

1. शहरी आयु संभाविता ग्रामीण से उच्च है ।
2. पुरुष आयु संभाविता महिला से उच्च है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

सरकार 'किसान ड्रोन' को बढ़ावा दे रही है

1. खरपतवारनाशियों के छिड़काव के लिए ।
2. भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण के लिए ।
3. फ़सल निर्धारण के लिए ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) केवल 1

(d) केवल 3

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

49. Which one of the following States/UTs has the largest area under Coral Reefs in India ?

(a) Gujarat

(b) Tamil Nadu

(c) Andaman and Nicobar Islands

(d) Lakshadweep

50. Which one of the following is considered as an agency function of commercial banks in India ?

(a) Acceptance of deposits

(b) Investment of surplus funds

(c) Acceptance of income tax payments

(d) Providing overdraft facilities

51. Which one of the following forms of money supply is considered as the most widely used in the Indian monetary system ?

(a) M1

(b) M2

(c) M3

(d) M4

52. Which one of the following is the first State in India to have 100 percent households with tap water connection ?

(a) Gujarat

(b) Goa

(c) Delhi

(d) Andhra Pradesh

53. Which one of the following Labour Codes notified by the Government of India incorporated various provisions of the Central Labour Acts such as the Factories Act, 1948 and Plantations Labour Act, 1951 ?

(a) The Occupational Safety, Health and Working Conditions Code, 2020

(b) The Industrial Relations Code, 2020

(c) The Code on Wages, 2019

(d) The Code on Social Security, 2020

54. If you were to browse a table of a recent period showing life expectancy at birth for all categories of rural-urban and male-female divisions for all States of India, you are ***not*** likely to observe that

1. Urban life expectancy is higher than the rural one.

2. Male life expectancy is higher than the female one.

THE CAVALIER
Turning Dreams into Reality, since 2001

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

55. Consider the following statements :

The Government is promoting the 'Kisan Drone' for

1. Spraying weedicides.

2. Digitisation of land records.

3. Crop assessment.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 1 only

(d) 3 only

56. हाल ही में प्रारंभ किया गया 'जन समर्थ' पोर्टल

(a) नागरिकों को अभिप्रमाणित स्वास्थ्य सूचना के लिए एकल-बिंदु पहुँच (सिंगल पॉइंट एक्सेस) प्रदान करता है ।
(b) उपयोगी कृषि-विशिष्ट सूचना के लिए संपर्क (लिंक) साधने में किसानों की सहायता करता है ।
(c) अखिल भारतीय ई-सरकारी सेवाओं तक पहुँच प्रदान करता है ।
(d) सरकारी ऋण योजनाओं के लिए संपर्क (लिंक) उपलब्ध कराता है ।

57. हाल ही में भारत ने अपना पहला द्रव दर्पण दूरबीन (लिक्विड मिरर टेलीस्कोप) कहाँ स्थापित किया है ?

(a) हिमाचल प्रदेश
(b) उत्तराखंड
(c) लद्दाख
(d) अरुणाचल प्रदेश

58. राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान कहाँ स्थित है ?

(a) बिलासपुर
(b) रायपुर
(c) रांची
(d) नई दिल्ली

59. निम्नलिखित में से किस खेल में अवनि लेखरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है ?

(a) टेबल टेनिस
(b) साइक्लिंग
(c) निशानेबाज़ी
(d) मुक्केबाज़ी

60. शुक्र ग्रह का वायुमंडल किसके घने और पीतवर्णी बादलों से बना है ?

(a) क्लोरीन
(b) सल्फ्यूरिक अम्ल
(c) नाइट्रिक अम्ल
(d) ब्रोमीन

61. रोगी के आहार में निम्नलिखित में से कौन-सा धातु लवण देने के बाद रोगी के उदर (आहार नलिका) की जाँच एक्स-रे से की जा सकती है ?

(a) बेरियम सल्फेट
(b) बेरियम क्लोराइड
(c) स्ट्रॉन्शियम सल्फेट
(d) मैग्नीशियम क्लोराइड

62. रुधिर, अंग, शुक्र जैसे जैव ऊतकों के भंडारण के लिए निम्न तापमान अपेक्षित होता है, जिसे किसके प्रयोग से प्राप्त किया जा सकता है ?

(a) द्रव नाइट्रोजन
(b) ठोस कार्बन डाइऑक्साइड
(c) द्रव वायु
(d) हीलियम

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

63. रेल पटरियाँ जोड़ने में किसके साथ अभिक्रिया के लिए लौह ऑक्साइड का प्रयोग किया जाता है ?

(a) ऐलुमिनियम
(b) जस्ता
(c) ताम्र
(d) टिन

64. मध्यकाल में *मुंजानिक़* क्या था ?

(a) तोप (कैनन)
(b) गुलेल (कैटपल्ट)
(c) गन-कैरिज
(d) चल शस्त्रागार (आर्मरी)

56. Recently launched 'Jan Samarth' portal

(a) provides single point access for authenticated health information to citizens.

(b) assists farmers to access links to useful farming-specific information.

(c) provides access to Pan India e-Government services.

(d) provides link to Government credit schemes.

57. Recently India commissioned its first liquid mirror telescope at

(a) Himachal Pradesh

(b) Uttarakhand

(c) Ladakh

(d) Arunachal Pradesh

58. National Tribal Research Institute is situated at

(a) Bilaspur

(b) Raipur

(c) Ranchi

(d) New Delhi

59. Avani Lekhara excels in which one of the following sports ?

(a) Table Tennis

(b) Cycling

(c) Shooting

(d) Boxing

60. The atmosphere of Planet Venus is made up of thick and yellowish clouds of

(a) Chlorine

(b) Sulphuric acid

(c) Nitric acid

(d) Bromine

61. A patient's abdomen (alimentary canal) can be examined by X-ray after administering which one of the following metal salts in the patient's meal ?

(a) Barium sulphate

(b) Barium chloride

(c) Strontium sulphate

(d) Magnesium chloride

62. Storage of biological tissues such as blood, organs, semen requires low temperature which is achieved upon the usage of

(a) Liquid nitrogen

(b) Solid carbon dioxide

(c) Liquid air

(d) Helium

THE CAVALIER
Turning Dreams Into Reality, since 2001

63. In the joining of railway tracks, iron oxide is made to react with

(a) Aluminium

(b) Zinc

(c) Copper

(d) Tin

64. What was a *munjaniq* in medieval period ?

(a) Cannon

(b) Catapult

(c) Gun carriage

(d) Portable armoury

65. सूची I और सूची II को सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (साहित्यिक कृति)* | *सूची II (लेखक)* |
|---|---|
| A. *दूत घटोत्कच* | 1. भट्टि |
